हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
(HBTU)

# आठवां
# दीक्षांत समारोह
# दीक्षोत्सव कार्यक्रम















# दीक्षोत्सव कार्यक्रम

15 जून 2026 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (**HBTU**) में सोमवार को 'अमर उजाला फाउंडेशन' एवं 'रामा हॉस्पिटल' के सौजन्य से 8वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में गंगोत्री छात्रावास (पूर्वी प्रांगण) में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया | शिविर में 60 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी जांच करवाई | शिविर में रामा हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम द्वारा सी॰बी॰सी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप और ब्लड शुगर की मुफ्त जांच की गई | डॉक्टरों ने छात्र-छात्राओं को बेहतर जीवनशैली और संतुलित आहार की जानकारी दी यह आयोजन कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं कुलपति प्रो. समशेर की मार्गदर्शन से हुआ |

इस दौरान डीएसडब्ल्यू प्रो. सी. एल. गेहलोत, कुलसचिव श्री अमित राठौर, एडीएसडब्ल्यू दान बहादुर पाल, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनुषा शुक्ला, डॉ. जीनत आरिफ, डॉ. अंजलि अवस्थी, सुश्री शिवानी कोष्ठा, श्री रणवीर सिंह और डॉ. अभिषेक कुमार लाल उपस्थित रहे |




स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण कराती हुई छात्राएं

17 जून 2026 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (**HBTU**) में बुधवार को सोशल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट एवं मानस डायगनोस्टिक सेंटर' के सौजन्य से 8वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में राधाकृष्णन सभागार (पूर्वी प्रांगण) में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया | शिविर में 70 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी जांच करवाई | शिविर में डॉक्टर अनुषा शुक्ला, चिकित्साधिकारी, **HBTU** की टीम द्वारा सी०बी०सी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप और ब्लड शुगर की मुफ्त जांच की गई | डॉक्टरों ने छात्र-छात्राओं को बेहतर जीवनशैली और संतुलित आहार की जानकारी दी | यह आयोजन कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं कुलपति प्रो. समशेर की प्रेरणा से हुआ |





स्वास्थ्य परीक्षण कराती हुई छात्र-छात्राएं

इस दौरान डीएसडब्ल्यू प्रो. सी. एल. गेहलोत, कुलसचिव श्री अमित राठौर, एडीएसडब्ल्यू प्रो. अनुराग सिंह, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनुषा शुक्ला, डॉ. जीनत आरिफ, डॉ. अंजलि अवस्थी, सुश्री शिवानी कोष्ठा और डॉ. अभिषेक कुमार लाल उपस्थित रहे |




स्वास्थ्य परीक्षण कराती हुई छात्र-छात्राएं


विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक उप परिषद द्वारा दीक्षांत पूर्व कार्यक्रम "दीक्षोत्सव" के अंतर्गत 3 जुलाई 2026 को पारम्परिक लोकनृत्य तथा देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | प्रतियोगिताओं मे सभी विधाओं मे से 15 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया छात्र छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों से लोगो का मन मोह लिया साथ ही अपने नृत्य की प्रस्तुतियों से लोगों को आनंदित किया | इन प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डा ज़ीनत आरिफ एवं डा अंजलि अवस्थी द्वारा किया गया | कार्यक्रम के आयोजन मे अधिष्ठाता छात्र क्रियाकलाप प्रो. सी. एल. गेहलोत, सह अधिष्ठाता छात्र क्रियाकलाप एवं संयोजक सांस्कृतिक उप परिषद प्रो. अनुराग सिंह का विशेष योगदान रहा |




देशभक्ति गायन प्रतयोगता

## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (HBTU) में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सप्ताह का समापन

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (HBTU), कानपुर में कुलपति प्रो० समशेर की अध्यक्षता में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चल रहे योग सप्ताह का समापन हुआ | इस वर्ष की थीम “Yoga for Healthy Ageing” थी 15 से 20 जून तक बिठूर, वृद्धाश्रम, गोद लिए गांव लुधवा खेड़ा और अटल घाट पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए गए, जहाँ योगगुरु आचार्य रविंद्र पोरवाल एवं विपिन पथिक ने लोगों को योगाभ्यास कराया | मुख्य समारोह में योगगुरु ने प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया | अंत में कुलपति द्वारा योग सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया |










हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (HBTU) के दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय ने अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को साकार करते हुए गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड स्थापित किए| यह पहल टिक्कनपुरवा, बरहट बांगर, बरहट कछार, महाराजपुर (चौबेपुर ब्लॉक) तथा घरेवा (चौबेपुर ब्लॉक) के विद्यालयों में की गई | स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक, डिजिटल एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और तकनीकी समझ का विकास होगा | यह प्रयास ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने तथा डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण पहल है |




प्राथमिक विद्यालय टिक्कनपुरवा, बरहट बांगर, बरहट कछार, महाराजपुर (चौबेपुर ब्लॉक) तथा घरेवा (चौबेपुर ब्लॉक) में स्थापित स्मार्ट बोर्ड

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा गोद लिए गांव में दीक्षांत समारोह से पूर्व प्राथमिक विद्यालय टिक्कनपुरवा ब्लॉक कल्याणपुर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं खेलकूद की प्रतियोगिता जिसमें रस्साकशी, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, मेडिसिन बॉल थ्रो आयोजित की गई | जिसमें लगभग 60 से 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से मिस शिवानी कोष्ठा, डॉ विकास यादव, कंपोजिट विद्यालय टिक्कनपुरवा की तरफ से प्रधानाध्यापक श्रीमती गायत्री देवी सैनी सहायक अध्यापक उजमा प्रवीन शिक्षणेत्तर कर्मचारी अभिषेक सिंह आदि लोगों का सहयोग रहा |








प्राथमिक विद्यालयटिक्कनपुरवा ब्लॉक कल्याणपुर में आयोजित निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता



प्राथमिक विद्यालय टिक्कनपुरवा ब्लॉक कल्याणपुर में आयोजित खेलकूद की प्रतियोगिता

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (HBTU) कानपुर द्वारा गोद लिए गांव में दीक्षांत समारोह से पूर्व प्राथमिक विद्यालय बरहट बांगर ब्लॉक कल्याणपुर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं खेलकूद की प्रतियोगिता जिसमें रस्साकशी, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, मेडिसिन बॉल थ्रो आयोजित की गई | जिसमें लगभग 50 से 60 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से डॉ अंजलि अवस्थी, डॉ विकास यादव ग्राउंड्समैंन हरिराम, प्राथमिक विद्यालय बरहट बांगर की तरफ से प्रधानाध्यापक श्रीमती रेखा वर्मा सहायक अध्यापक श्रीमती प्रतिभा अग्निहोत्री, शिक्षामित्र रणजीत सिंह पाल शिक्षा मित्र कंचन कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे |



प्राथमिक विद्यालय बरहट बांगर में निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई


प्राथमिक विद्यालय बरहट बांगर में आयोजित खेलकूद की प्रतियोगिता

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा गोद लिए गांव में दीक्षांत समारोह से पूर्व प्राथमिक विद्यालय बरहट कछार ब्लॉक कल्याणपुर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं खेलकूद की प्रतियोगिता जिसमें रस्साकशी, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, मेडिसिन बॉल थ्रो आयोजित की गई | जिसमें लगभग 40 से 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से डॉ जीनत आरिफ,डॉ विकास यादव, ग्राउंड्समैन हरिराम प्राथमिक विद्यालय बरहट कछार की तरफ से प्रधानाध्यापक श्रीमती मधु कुरील एवं शिक्षामित्र बबली देवी ने कार्यक्रम को करने में सहयोग किया |




प्राथमिक विद्यालय बरहट कछार ब्लॉक कल्याणपुर में आयोजित खेलकूद की प्रतियोगिता




प्राथमिक विद्यालय बरहट कछार ब्लॉक कल्याणपुर में आयोजित निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (HBTU), कानपुर में अकादमिक सत्र 2025-26 के आगामी दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में 17 जून 2026 को एक भव्य ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की हॉबी सब काउंसिल द्वारा किया गया |

कार्यक्रम व हॉबी सब काउंसिल की संयोजक डॉ. अंजलि अवस्थी की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के कुल 13 शोधार्थियों और छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया |





ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की कलाकृति

17 जून 2026 को आयोजित दीक्षांत समारोह पूर्व साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो बेहद सफल रहे, जिन्होंने हारकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में साहित्यिक संस्कृति की जीवंतता और रचनात्मक एवं बौद्धिक अभिव्यक्ति के प्रति छात्र समुदाय के वास्तविक उत्साह को प्रमाणित किया | "कविता लेखन", "निबंध लेखन" और "भाषण"- इन तीन प्रतियोगिताओं ने मिलकर एक समृद्ध और प्रेरक मंच तैयार किया, जिसमें विभिन्न विभागों और कक्षाओं के छात्र अपनी साहित्यिक और वाक्पटुता प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके |

साहित्यिक उप-परिषद संकाय संयोजकों, प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल, विश्वविद्यालय प्रशासन और उन सभी प्रतिभागियों के प्रति कृतज्ञ है जिनके समर्पण और रचनात्मकता ने इन आयोजनों को संभव बनाया | इन आयोजनों द्वारा प्रज्वलित साहित्यिक जुड़ाव की भावना आगामी शैक्षणिक वर्ष में परिषद के प्रयासों के लिए एक प्रेरणादायक आधार का काम करती है |






दीक्षांत समारोह से पूर्व आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा गोद लिए गांव में दीक्षांत समारोह से पूर्व प्राथमिक विद्यालय गढ़ेवा ब्लॉक चौबेपुर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं खेलकूद की प्रतियोगिता जिसमें रस्साकशी, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, मेडिसिन बॉल थ्रो आयोजित की गई | जिसमें लगभग 40 से 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से श्री गौरव सिंह, डॉ विकास यादव ग्राउंड्समैंन हरिराम, प्राथमिक विद्यालय गढ़ेवा की तरफ से प्रधानाध्यापक श्रीमती अंजू कश्यप सहायक अध्यापक श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक श्रीमती वंदना शुक्ला, सहायक अध्यापक श्रीमती स्वाति शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे|




प्राथमिक विद्यालय गढ़ेवा ब्लॉक चौबेपुर में आयोजित निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता




प्राथमिक विद्यालय गढ़ेवा ब्लॉक चौबेपुर में आयोजित खेलकूद की प्रतियोगिता

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा गोद लिए गांव में दीक्षांत समारोह से पूर्व प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर ब्लॉक चौबेपुर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं खेलकूद की प्रतियोगिता जिसमें रस्साकशी, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, मेडिसिन बॉल थ्रो आयोजित की गई | जिसमें लगभग 40 से 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से श्रीमती दीनू निरंजन, डॉ विकास यादव ग्राउंड्समैंन हरिराम, प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर की तरफ से प्रधानाध्यापक श्री लक्ष्मी शंकर शुक्ला सहायक अध्यापक श्रीमती रूबी यादव, सहायक अध्यापक श्रीमती लक्ष्मी, सहायक अध्यापक श्री अंजनी कुमार द्विवेदी शिक्षामित्र श्रीमती अंकित पाल शिक्षा मित्र श्रीमती कंचन आदि लोग उपस्थित थे |



प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर ब्लॉक चौबेपुर में आयोजित निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता




प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर ब्लॉक चौबेपुर में आयोजित खेलकूद की प्रतियोगिता

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह से पूर्व विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का दीक्षोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के परंपरागत खेल आयोजित किए गए जैसे कबड्डी, रस्साकसी, दौड़, चक्काफेक, शतरंज, कैरम आदि यह खेलकूद प्रतियोगिता पूर्वी प्रांगण तथा पश्चिम प्रांगण में खेल उप परिषद द्वारा आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया |




रस्साकसी एवं चक्काफेक खेलते छात्र















रस्साकसी, दौड़, शतरंज, कैरम खेलते छात्राएं







कबड्डी एवं कैरम खेलते छात्र-छात्राएं

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (**HBTU**) ने 19 जून, 2026 को कानपुर स्थित टैगोर केंद्रीय पुस्तकालय में राष्ट्रीय पठन दिवस मनाया। इस दिवस का उद्देश्य देश भर में पठन, साक्षरता और शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना था।

